पंजाब केसरी 10/02/2026

# जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने करवाई फिल्म स्क्रीनिंग

**अम्बाला, ( बलराम ):** छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व प्रसिद्ध लेखिका अगाथा क्रिस्टी के प्रसिद्ध जासूसी उपन्यास 'द मर्डर ऑफ रोजर अकरॉयड' पर आधारित फिल्म की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साहित्य और सिनेमा के अंतर-संबंध से परिचित कराना तथा जासूसी साहित्य की गहन समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने

*अंग्रेजी विभाग द्वारा करवाई गई फिल्म स्क्रीनिंग में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर साहित्य को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म और साहित्य का समन्वय विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, आलोचनात्मक चिंतन और व्याख्यात्मक क्षमता को विकसित करता है। इस अवसर पर डॉ. अमित, डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु चौधरी और डॉ. नीना आदि उपस्थित रहे।